वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 16 | रविवार 11 मई 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# सहयोग, समन्वय, समझदारी एवं जागरुकता हर आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक

## शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापार मंडलों के साथ बैठक का हुआ आयोजन

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने पदाधिकारियों से विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

### जिला कलक्टर की अपील पर व्यापार मंडलों ने की सायरन लगाने की घोषणा

**जयपुर. कासं**



जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने शनिवार को जयपुर जिले के विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों से चर्चा की। जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि आपसी सहयोग, समन्वय, समझदारी एवं जागरुकता से किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सकता है। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को व्यापार संघ के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सक्षम जयपुर अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने पदाधिकारियों से आवश्यक होने पर ब्लैक आउट के व्यापार संघों से सहयोग करने, स्वतः ही लाइट बंद करने एवं अन्य लोगों को भी ब्लैक आउट को सफल बनाने में सहयोग के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यापारियों से उम्मीद की जाती है वे संपूर्ण ब्लैक आउट के लिए इंवर्टर एवं सोलर लाइट को भी बंद करने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन की पालना सुनिश्चित होनी चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि व्यापार संघ आगे आएं एवं अपने ग्राहकों के साथ साथ आमजन को भी जागरुक करें। बैठक में जिला कलक्टर के आह्वान पर कई व्यापार संघों ने सायरन लगवाने की घोषणा की। इस मौके पर जिला कलक्टर ने आपात स्थिति में व्यापार संघों से जमाखोरी एवं कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ मुहिम चलाने एवं जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील भी की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संतोष कुमार मीणा, जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सुभाष गोयल, महामंत्री जयपुर व्यापार महासंघ सुरेश सैनी, अध्यक्ष गोपाल जी का रास्ता हरीश केडिया, अध्यक्ष हल्दियों का रास्ता व्यापार मण्डल सुरेन्द्र बज, अध्यक्ष रामगंज बाजार व्यापार मण्डल हुकम चंद अग्रवाल, अध्यक्ष चाँदी की टकसाल व्यापार मण्डल प्रकाश सिंह, सोभागमल अग्रवाल नागरिक सुरक्षा उपनियंत्रक अमित शर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राठौड़ बोले-पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर गिड़गिड़ाने को मजबूर किया

### कहा- पहलगाम के आतंकियों को सरेंडर करे पाक; उसे आतंकवाद से परहेज करना चाहिए



**जयपुर. कासं**

भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने केंद्र सरकार की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर गिड़गिड़ाने के लिए मजबूर कर दिया। ऐसे में अब पाकिस्तान को आतंकवाद से परहेज कर आतंकियों को सरेंडर करवाना चाहिए। मदन राठौड़ ने कहा कि दूरदर्शन से पता चला है कि भारत और पाकिस्तान दोनों देशों ने आपस में बात कर युद्ध विराम की घोषणा की है। इससे ज्यादा जानकारी तो शीर्ष नेतृत्व से कुछ वक्त बाद ही पता चल पाएगी। लेकिन मुझे लगता है कि पाकिस्तान को आतंकवाद से परहेज करना चाहिए। पाकिस्तान को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि वहां आतंकवाद और आतंकवादी न पनप पाए। वहां किसी भी तरह का आतंकवादी प्रशिक्षण केंद्र भी नहीं चलाए।

### पहलगाम के आतंकवादियों को करवाना चाहिए सरेंडर

इसके साथ ही जिन लोगों ने भारत के पहलगाम में आतंकी घटना को अंजाम दिया। पाकिस्तान को उन लोगों से सरेंडर भी करवाना चाहिए। इनके साथ ही अजर मोहम्मद से लेकर वह सभी आतंकवादी जिन्होंने भारत में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया है उन सबको भी पाकिस्तान द्वारा सरेंडर करवाना चाहिए। यह मेरी सोच और मेरा अंदाजा है। वैसे भी हमारा नेतृत्व इस स्थिति में आकर इतनी आसानी से किसी को छोड़ने वाला नहीं है। पहलगाम घटना के बाद नेतृत्व ने तय किया था कि ऐसा सबक सिखाएंगे कि पाकिस्तान जिंदगी भर याद रखेगा। उसी तर्ज पर पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई भी की गई। अब उन्हें शर्तों पर यह युद्ध विराम भी हुआ होगा। बाकी जो भी स्थिति है वह आपके और हमारे सामने जल्द आ ही जाएगी। राठौड़ ने कहा कि हमारा उद्देश्य आतंकवादियों और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करना था न कि पाकिस्तान की आम जनता को परेशान करना था। लेकिन बीते दिनों में पाकिस्तान ने आम नागरिकों को ही अपना ढाल बनाया। उन्होंने अपने एयर बेस पर हवाई यात्रा तक चालू रख रखी थी।




चित्रांकन : सतीश अकेला 98290 17551

# खण्डेलवाल ढाबेवालाज का फीता खोलकर महाराज ने शुभारम्भ किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्थानीय गोपाल पुरा बाई पास रोड पर आज खण्डेलवाल ढाबेवालाज की तीसरी यूनिट का शुभारम्भ हाथोज धाम के पूज्य अधिष्ठाता श्री बातमुकुन्दराचार्य जी महाराज विधायक के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर णमोकार मंत्र व भक्ताम्बर स्तोत्र जाप के साथ सनातन रीति अनुसार भी पूजन आदि सम्पन्न कराई हैं। महाराज ने इस अवसर पर कहा कि किसी को भी शुद्ध भोजन कराना भी मानव सेवा की दृष्टि से महान उपक्रम है। संचालक मुकेश मित्तल ने महाराज श्री की अगवानी की तथा माल्यार्पण किया। सह संचालक अनुराग खण्डेलवाल व इंजीनियर प्रिंस जैन सहित उपस्थित सभी ने महाराज श्री को मालाएं पहना कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संचालकों ने बताया कि हमारे सभी प्रतिष्ठानों में उच्च क्वालिटी के सामान प्रयोग के साथ शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाता है जैन भोजन हर समय उपलब्ध कराया जाता है।



# भारतीय सेना की शौर्य गाथा सम्पूर्ण विश्व में सुनाई दे रही है



पाकिस्तान की कायराना हरकत अब संपूर्ण विश्व से छुपी हुई नहीं है। वहां के सांसद स्वयं अपने मुख से इस बात को स्वीकार कर रहे हैं। और कुछ तो रहम की दुहाई भी मांग रहे हैं किंतु वहां के आकाओं की रोजी-रोटी सिर्फ और सिर्फ भारत के खिलाफ बोलने और कुछ करने से ही चलती है ।उनको अपनी दुकान चलाने के लिए ऐसी हिमाकत करना अति जरूरी है। जिससे कि पाकिस्तान की आवाम को बेवकूफ बना कर रखा जा सके। बजट का एक बहुत बड़ा हिस्सा केवल सेना के नाम पर और आतंकियों को पालने में खर्च करने का कार्य कर,जन साधारण को सुविधाओ से वंचित करना पाकिस्तान का एजेंडा रहा है भारत और पाकिस्तान की अधिक तुलना करें तो भारत का प्रत्येक नागरिक देश के लिए जीता है और पाकिस्तान का नागरिक केवल और केवल सेना के लिए जीता है और सेना ही वहां हमेशा से तख्त पलटती आई है। आओ चर्चा करे भारतीय सेना के पराक्रम और वीरता की,तब शब्द निकलते हैं कि मेरी कलम लेकर स्याही,कागज पर जब चलती है शौर्य वीरता की कहानी बड़े गर्व से लिखती है 8 मई की शाम जैसे ही सूर्य ढला और अंधेरे की आहट वातावरण में घुलने लगी तो आसमान में एक साथ 400 से अधिक ड्रोन मिसाइल भारत की ओर बढने लगी। भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब देते हुए लगभग सभी को टारगेट से पूर्व मार्ग में ही मार गिराया गया।24 से अधिक भारतीय शहरों व ठिकानों को टारगेट किया गया था। भारतीय सेना के शौर्य की गाथा आज संपूर्ण विश्व में सुनाई दे रही है यह वर्तमान का भारत है जो मुंह तोड़ जवाब देना जानता है हमेशा से भारत शांति का प्रतीक रहा है और कभी भी आगे से किसी भी हमले को अंजाम नहीं दिया है। किंतु जब पानी सर से ऊपर से निकलने लगता है तो फिर कायरों को जवाब देना जरूरी होता है। जिसका जीवन्त उदाहरण भारतीय सेना ने बड़ी वीरता के साथ प्रस्तुत किया है। भारत का प्रत्येक नागरिक भारतीय सेना के प्रति अपनी सद्भावनाएं व्यक्त कर रहा है और गौरवान्वित महसूस हो रहा है। जय हिंद,जय हिंद की सेना। **-संजय जैन बड़जात्या**

# पिंक क्लब ने मनाया ''माँ का दिन''





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** माँ एक ऐसा शब्द है जिसमें पूरी दुनिया का प्यार समाहित है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। वैसे तो माँ का प्यार, ममता, त्याग और बलिदान अनमोल है फिर भी इस दिन को मनाने के लिए सभी उत्साहित रहते हैं इस अनमोल रिश्ते को सम्मान देने के लिए पिंक क्लब ने भी बड़े जोश खरोश से दुर्गापुरा के एक होटल में माँ के दिन को सेलिब्रेट किया। अध्यक्ष सुषमा के के ने बताया माँ का वंदन कर सबको माँ पर बोलने के लिए कहा गया माँ के लिए अपने उद् गार प्रकट करते हुए डॉ उषा, प्रमिला, आभा, अमिता, सुषमा , शशि , सुमित्रा, यशोधरा, शीला, गायत्री, रेनु, लता, अलका आदि भावुक हो गईं और आँखें नम हो गईं सबका कहना था माँ एक ऐसा गोंद है जो सबको बाँधे रखती है एक माँ ही तो होती हैं जिससे आप सब कुछ कह सकते हैं माँ एक लॉकर है जहाँ हम अपने सुख दुख डिपाजिट कर चैन की नींद लेते हैं। एक ने कहा मेरी माँ का कहना था असंभव शब्द को अपने शब्द कोश से निकाल फेंको फिर देखो सफलता आपको कैसे नहीं मिलती है। सबने माँ से संबंधित गेम्स खेले फिर हाई टी का आनंद लिया।

# संभावित आपात स्थिति में रक्त की निर्वाध आपूर्ति के लिए तैयार रहें: ब्लड बैंक सोसायटी

## सीमा क्षेत्र के सोसायटी सदस्यों को जारी किया पत्र, जिला प्रशासन से समन्वय के दिए निर्देश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




भारत - पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध जैसे तनाव के मद्देनजर ब्लड बैक सोसायटी, राजस्थान ने सीमा क्षेत्र के सदस्यों को पत्र जारी करके किसी भी आपात स्थिति में रक्त की निर्वाध आपूर्ति बनाए रखने की तैयारी करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष डा वेदप्रकाश गुप्ता एवं सचिव डा हिमांशु शर्मा ने यह पत्र जारी किया। उन्होंने बताया कि श्री गंगानगर, बीकानेर, सूरतगढ और जोधपुर सहित भारत पाकिस्तान सीमा क्षेत्र से जुडे जिलों में सोसायटी के सदस्यों को जिला प्रशासन के साथ सम्वयक स्थापित करने और आपात स्थिति में भारतीय सेना और आमजन के लिए इलाज में रक्त की कमी न आ पाए इसके लिये आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए है ।सोसायटी के संरक्षक डा एस एस अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान के लिये स्वयंसेवी एवं सामाजिक संस्थाओं से सम्पर्क किया जा रहा है एवं आवश्यकता होने पर रक्त की कमी नहीं आने दी जाएगी। संस्था के अध्यक्ष डा वेदप्रकाश गुप्ता ने बताया कि राजस्थान के जयपुर, बीकानेर, जोधपुर, श्रीगंगानगर, सूरतगढ, अलवर, कोटा, भीलवाडा, भरतपुर, अजमेर, उदयपुर, सीकर, आदि जिलों में ब्लड बैंक सोसायटी के सदस्य हैं। संस्था के सचिव डा हिमांशु शर्मा ने बताया कि इसके लिए आमजन से अपील भी है कि अपने नजदीकी सरकारी ब्लड बैंक एवं सोसायटी के सदस्य ब्लड बैंको में स्वयं जाकर रक्तदान करें। डा हिमांशु शर्मा ने विश्वास जताया कि ब्लड बैंक्स सोसायटी के सदस्यों के प्रयासों से एवं जिला एवं राज्य सरकार के सहयोग से भारतीय जवानों एवं आमजन के लिये रक्त की कमी नहीं आने दी जावेगी एवं पर्याप्त मात्रा में रक्त की आपूर्ति की जाएगी एवं इस मुश्किल घडी में ब्लड बैंक्स सोसायटी, राजस्थान अपनी पूरी जिम्मेदारी और दायित्व के साथ देश की रक्षा में तैनात सेना के साथ एवं आमजन के साथ खडी है ।

## वेद ज्ञान


# पुस्तक की तरह पढ़ें प्रकृति को

प्रकृति के अस्तित्व का प्रयोजन आत्मा को शिक्षित करना है। यह आत्मा को ज्ञान का लाभ लेना सिखाती है, ताकि ज्ञान से आत्मा स्वयं को मुक्त कर ले। यदि हम यह बात निरंतर ध्यान में रखें, तो हम प्रकृति के प्रति कभी आसक्त नहीं होंगे। हमें यह ज्ञान हो जाएगा कि प्रकृति हमारे लिए एक पुस्तक के समान है, जिसका हमें अध्ययन करना है। जब हमें उससे आवश्यक ज्ञान प्राप्त हो जाएगा, फिर वह पुस्तक हमारे लिए किसी काम की नहीं रहेगी। इसके विपरीत यह हो रहा है कि हम अपने को प्रकृति में ही मिला दे रहे हैं। हम यह सोच रहे हैं कि आत्मा प्रकृति के लिए है। आत्मा शरीर के लिए है। जैसी एक कहावत है, हम सोचते हैं 'मनुष्य खाने के लिए ही जीवित रहता है न कि जीवित रहने के लिए खाता है'। यह भूल हम निरंतर करते रहते हैं। प्रकृति को ही अहं मानकर हम प्रकृति में आसक्त बने रहते हैं। ज्यों ही इस आसक्ति का प्रादुर्भाव होता है, त्यों ही आत्मा पर प्रबल संस्कार का निर्माण हो जाता है, जो हमें बंधन में डाल देता है। जिसके कारण हम मुक्तभाव से कार्य न करके दास की तरह कार्य करने लग जाते हैं। इस सारी शिक्षा का सार यही है कि तुम्हें एक स्वामी के समान कार्य करना चाहिए, न कि एक दास की तरह। कर्म तो निरंतर करते रहें, लेकिन एक दास की तरह न करें। दरअसल, हम इच्छा न होने पर भी कार्य करते चले जाते हैं। इच्छा होने पर भी कोई आराम नहीं ले सकता। इसका फल होता है दुख। ये सब कार्य स्वार्थ पर होते हैं। मुक्तभाव से कर्म करें, प्रेमसहित कर्म करें। प्रेम शब्द का अर्थ समझना बहुत कठिन है। बिना स्वाधीनता के प्रेम आ ही नहीं सकता। यदि आप अनिच्छा से कोई काम कर रहे हैं, तो सच्चे प्रेम का भाव जागना असंभव है। यदि हम संसार के लिए अनिच्छा के साथ दास के समान कर्म करते हैं, तो इसके प्रति हमारा प्रेम नहीं रहता। इसलिए वह सच्चा कर्म नहीं हो सकता।

## संपादकीय

# हरकतों से बाज नहीं आता पाकिस्तान...

अब यह पूरी तरह साफ है कि पाकिस्तान की बेजा हरकतों और आतंकवादियों को शह देने की प्रवृत्ति ने ही भारत के सामने आखिरी विकल्प के रूप में आतंकियों को ठोस जवाब देने की स्थिति पैदा कर दी। पहलगाम में आतंकी हमला धीरज रखने की अंतिम हद थी, जिसके बाद भारत ने वही किया, जो इसके लिए उचित था। अब सीमा पार आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद पाकिस्तान वैश्विक समुदाय के सामने जिस तरह अपनी व्यथा को पेश करने की कोशिश कर रहा है, उसमें आमतौर पर किसी देश ने कोई रुचि नहीं दिखाई है। यह जगजाहिर है कि भारत में आतंकवाद की समस्या को ज्यादा जटिल बनाने में पाकिस्तान की क्या भूमिका रही है। यह भी छिपा नहीं है कि भारत में आतंकी वारदात के लिए जिम्मेदार संगठनों को पाकिस्तान किस स्तर पर शह देता रहा है और इसी वजह से कितने आम लोग पिस रहे हैं। हाल ही में पहलगाम में आतंकी वारदात पाकिस्तान की साजिशों की ही एक कड़ी थी, जिसमें छब्बीस पर्यटकों को जान गंवानी पड़ी। इस आतंकी हमले की जैसी प्रकृति थी, उससे स्वाभाविक ही न केवल भारत में व्यापक दुख और आक्रोश पैदा हुआ, बल्कि दुनिया भर में इस घटना पर चिंता जताई गई। भारत के सामने यह चुनौती थी कि वह आतंकियों के इस दुस्साहस के खिलाफ किस हद तक सब्र करे। फिर भी भारत ने संयम से काम लिया और बहुत सोच-समझ कर अपनी प्रतिक्रिया दी। संवाद के जरिए पाकिस्तान को समझाने और आतंकवाद को समर्थन देने से रोकने के लिए भारत ने जितना संभव था, वह सब किया। मगर ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के लिए शांति और संवाद का रास्ता कोई महत्त्व नहीं रखता और आतंकवादियों को संरक्षण देना ही वह जरूरी समझता है। यह बेवजह नहीं है कि सारे विकल्प खत्म होने के बाद आखिर भारत को सख्त कदम उठाने पड़े और उसने 'आपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तानी क्षेत्र में स्थित आतंकी ठिकानों पर कामयाब हमला किया। दरअसल, पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पिछले कई दिन से बिना वजह के सीमा पर पाकिस्तान की ओर से बार-बार संघर्षविराम का उल्लंघन जारी था। ऐसे में भारत के पास जवाब देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं बचा था। मगर पाकिस्तान ने आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय जिस तरह भारतीय क्षेत्र में गोलीबारी की, उसमें कई लोगों की जान चली गई। भारत के ठोस जवाब के बावजूद गुरुवार को आई खबर के मुताबिक, पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके भारत में पंद्रह जगहों पर हमला करने की कोशिश की, जिसे भारत ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। भारत की ओर से जवाबी कार्रवाई में लाहौर में पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया गया। विचित्र यह भी है कि आतंकवादियों को शह देने के सवाल पर पाकिस्तान दुनिया भर में कठघरे में खड़ा दिखता है। ऐसे कई मौके सामने आ चुके हैं। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# आतंकवाद का समूल नष्ट

जब भी कोई संकट की घड़ी आती है, तो पूरा देश एकजुट हो जाता है। पहलगाम हमले के बाद एक ओर नागरिकों का आक्रोश सामने आया, तो दूसरी ओर वे पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के मुद्दे पर सरकार और सेना के साथ खड़े दिखे। वहीं सभी राजनीतिक दल भी अपने मतभेद भुला कर आगे आए। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और सैन्य कार्रवाई के लिए बढ़ते दबाव के बीच सहमति की सकारात्मक तस्वीर दिखी। इससे स्पष्ट है कि देश के सभी दल राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर एक हैं। 'आपरेशन सिंदूर' की सफलता के बाद बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में गुरुवार को सभी दलों ने न केवल सरकार का समर्थन किया, बल्कि सशस्त्र बलों के प्रति भी एकजुटता दिखाई। इससे पूरी दुनिया को संदेश गया है कि भारत आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा और इस मसले पर अब सख्ती से पेश आएगा। इस लिहाज से देखें तो सर्वदलीय बैठक से एक व्यापक राष्ट्रीय सहमति भी बनी है। इसमें सभी दलों ने सुरक्षा संबंधी अपनी चिंता जरूर जताई, लेकिन किसी भी बहस से दूर रहे। यह भारतीय राजनीति की परिपक्वता का परिचायक है। सर्वदलीय बैठक इस मायने में भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें सरकार ने 'आपरेशन सिंदूर' से संबंधित कई जानकारियां साझा कीं। रक्षा मंत्री ने सुरक्षा चिंताओं को तरजीह देते हुए आश्वस्त किया कि पाकिस्तान के किसी भी सैन्य हमले का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। सरकार बड़ा कदम उठाने से पहले जिस तरह पूरे देश को, खासकर विपक्ष को साथ लेकर चल रही है, उससे साबित होता है कि वह पड़ोसी देश द्वारा फैलाए गए आतंकवाद को समूल नष्ट करना चाहती है और कड़ी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। यह बिल्कुल स्वाभाविक है कि भारत अब आर-पार के लिए तैयार है और आतंकवाद के खिलाफ उसकी शून्य सहिष्णुता की नीति है। वहीं दो कदम आगे बढ़ कर विपक्ष ने भी



यह साफ कर दिया है कि राष्ट्र की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस पर कोई राजनीति नहीं होगी। सर्वदलीय बैठक में सभी दलों की देश के लिए एकजुटता एक तरह से पाकिस्तान के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है कि अगर वह किसी अन्य छिपी मंशा के मुताबिक लाभ उठाना चाहता है तो वहां भी उसे नाकामी हासिल होगी।

# पक्षियों के लिए परिण्डे वितरण कर मनाया परिण्डा महोत्सव




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान जन मंच ट्रस्ट और कमल डायग्नोस्टिक एण्ड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में पक्षियों के लिए 'परिंडा महोत्सव' का शनिवार को हॉस्पिटल रोड पर के डी आर सी परिसर में आयोजन किया गया। आयोजक कमल लोचन व पदम जैन बिलाला ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल जैन दीवान का माला व दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया तथा कहा की यहाँ हर वर्ष ऐसा आयोजन कर परिण्डे वितरित किए जाते है। कमल लोचन ने पक्षियों के लिए चल रहे पक्षी चिकित्सालय के बारे में सभी को बताया तथा पक्षियों के लिए परिण्डे लगाने व उनमे नित्य साफ पानी भरने बाबत समझाया। आयोजन में ट्रस्ट की ऋतु लोचन व सुनील गुप्ता के अलावा हरक चंद बडजात्या हमीरपुर वाले, महावीर चांदवाड़ दुर्गापुरा, प्रमोद जैन भंवर, रामजी लाल, दान मल जैन तथा डायग्नोस्टिक सेंटर के स्टाफ रचना, जगदीश, बजरंग, सतीश, जितेन्द्र, लक्ष्मी, प्रहलाद, धारा, कपिल, सन्नी आदि की उपस्थिति रही।

# नचिकेतन पब्लिक स्कूल में 75 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

**ऐलनाबाद।** ममेरां रोड बाईपास स्थित नचिकेतन पब्लिक स्कूल में 10 मई 2025 को विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ मुख्यातिथि सुरेन्द्र कुमार, एस.एच.ओ., थाना ऐलनाबाद, विशिष्ट अतिथि डॉ. लोकेश शर्मा व गायत्री शर्मा, जनता हस्पताल, ऐलनाबाद, विद्यालय चेयरमैन राजेंद्र सिंह सिद्धु, सचिव छबील दास सुथार, निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु, प्रशासक अशोक कुमार, प्रिंसिपल सत्यानाराण पारीक, परमिन्द्र सिंह सिद्धु, कपिल सुथार, शिवम सुथार व अन्य विद्यालयों के संचालक जुगल किशोर,कुलवन्त कम्बोज, अनिल थेंच, विनोद विक्टर, जगतार शर्मा व महिन्द्र पारीक ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। यह रक्तदान शिविर सिरसा के वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ब्लड सैंटर के सहयोग से लगाया गया। दिनेश बगाड़िया के नेतृत्व में डॉ. जगदीश राय, अंकुष तलवाड़, गुरप्रीत सिंह, विक्रम सिंह, सत्यावान कुमार, बलवान सिंह, अशोक कुमार व पूनम शर्मा ने अपनी अहम भूमिका निभाई। रक्तदान शिविर में कुल 10 महिलाओं सहित 75 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सुबह से ही रक्तदाताओं ने पूरे जोश के साथ इस पुण्य कार्य में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर रक्तदाताओं का स्वागत करते हुए विद्यालय निदेशक रणजीत सिंह सिद्धु ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस पर पिछले 18 वर्षो से रक्तदान शिविर का आयोजन विद्यालय में करवाया जाता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना वास्तव में पुण्य का कार्य है। इसी के साथ-साथ मौजूदा युद्ध के हालातों को देखते हुए किसी भी समय किसी प्रकार से भी रक्त की जरूरत पड़ सकती है। इसीलिए ये कैंप लगाना और भी अति आवश्यक है।

# मुक बधिर विद्यालय में बच्चों को अल्पाहार के साथ मनाया जन्मदिन



**निवाई. शाबाश इंडिया**

निवाई में सरावगी समाज के श्रद्धालुओं द्वारा पूर्व तहसीलदार एवं श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी मंदिर कमेटी के भू सम्पदा अधिकारी ज्ञानचंद सौगानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सरावगी समाज के पदाधिकारियों ने केक काटकर एवं गायों को हरा चारा डालकर जन्मदिन की बधाई दी एवं सोगानी का सरावगी समाज अध्यक्ष शिखरचंद काला, जैन धर्म प्रचारक विमल पाटनी जौंला, संगीत सम्राट अजीत काला, राकेश संधी विनय झांझरी पदमचंद टोंग्या अशोक बिलाला नवरत्न टोंग्या ने साफा पहनाकर राजस्थानी परम्परा अनुसार माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर सोगानी जी के निवास स्थान पर सरावगी समाज के पदाधिकारियों को मिठाइयां खिलाई गई शनिवार को दिनभर बधाईयों का दौर चला। इस दौरान सोगानी को सभी पदाधिकारियों ने बधाई देकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुक बधिर विद्यालय में लायन्स क्लब जोन चेयरमैन ज्ञानचंद सोगानी के द्वारा विधालय के बच्चों को फल फ्रुट बांटकर अल्पाहार करवाया गया जिसमें लायन्स क्लब संरक्षक हुकमचंद जैन मंत्री मुकेश विजय पूर्व मंत्री महेन्द्र जैन लावा, सीताराम स्वामी, हनुमान प्रसाद जैन, ने ज्ञानचंद सोगानी को माला पहनाकर बधाई दी।

# प्राणी मात्र के सुख दुख का कारण अज्ञानता है : मुनिश्री विलोकसागर

## आज जैन मंदिर में होगा विश्व शांति महायज्ञ



**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

**मुरैना।** इस असार संसार में करोड़ो की संख्या में प्राणी जीवन यापन करते हैं। हम देखते है कि कुछ व्यक्ति सुख का अनुभव करते हैं और कुछ व्यक्ति दुख का अनुभव करते है। कुछ की प्रशंसा होती है, कुछ की आलोचना होती है ।ऐसा क्यों होता है, इसका कारक कौन है। दोनों की अनुभूति अंतर क्यों है ।हम सोचते है कि एक को दुखी और दूसरे को दुखी बनाने बाला कौन है। हमारे सुख और दुख का कारक कोई और नहीं बल्कि हम स्वयं हैं। इसका कारण हमारी अज्ञानता है। हमारी अज्ञानता ही हमारे सुख और दुख का कारण हैं। अज्ञानता के कारण हम भटक गए हैं, हमने अपने जीवन में एक खाई पैदा करली है। प्राणी मात्र के जीवन में जितनी भी समस्याएं हैं, अज्ञानता के कारण ही हैं। यही कारण है कि हमें जीवन जटिल लगता है और मौत सस्ती लगती है ।जब तक आप अज्ञानता में पड़े रहोगे, अपने अंदर शैतान को बैठाए रहोगे, तब तक आप सुखी जीवन यापन नहीं कर सकोगे ।उक्त उद्गार दिगम्बर जैन संत मुनिश्री विलोकसागर महाराज ने बड़े जैन मंदिर जी में चल रहे श्री सिद्धचक्र विधान के सातवें दिन धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। अज्ञानी व्यक्ति सभी जगह निन्दा का पात्र बनता है और ज्ञानी व्यक्ति सभी जगह प्रशंसा का पात्र बनता है। ज्ञान की प्राप्ति होने पर जंगल में भी मंगल होता है, दुर्गति में भी सद्गति होती है। धर्मात्मा व्यक्ति के अंदर निर्मलता वास करती है। उसके अंदर श्रद्धा और विश्वास पनपता है। इसी श्रद्धा और विश्वास के बल पर वो इस संसार सागर से तिर जाता है।

# जावरा वाला मंदिर पलासिया इंदौर में हुआ गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश



**इंदौर. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ प्रणेत्री श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ का समवशरण मंदिर से विहार होकर जावरा वाला मंदिर पलासिया इंदौर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। महिला मंडल ने गुरु माँ के पाद प्रक्षालन व आरती करके मंगल आगवानी की। तत्पश्चात माताजी के मुखारविंद से शांतिधारा हुई। आर्यिका ज्ञेभ्याश्री माताजी ने मंगल प्रवचन के माध्यम से गुरु माँ के जीवन से सबको परिचित कराया। आचार्य श्री के चित्र का चित्रणावरण, दीपप्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई। माताजी ने अपने प्रवचनों के माध्यम से एकता का संदेश देते हुए कहा कि- जहां साधु संत के चरण पड़ते है वहां चारों ओर मंगल ही मंगक होता है।इसलिए उनके प्रवेश को मंगल प्रवेश कहते हैं। उन्होंने कहा - धन्य है यह इंदौर की धरा जहां 400 साधुओ के समागम आप सभी को एक साथ देखने को मिला। साधुओं के एक बार श्रद्धा से दर्शन करने में 7 भव का कर्म नष्ट होता है यहां तो साक्षात तीर्थंकर का समवशरण लगा हुआ था। भारत पाकिस्तान को लेकर माताजी ने कहा कि भारत अनादि से बसा हुआ देश है । हमारे जितने भी महापुरुष है सभी का जन्म भारत भूमि पर हुआ। यदि हम सब एकता के साथ रहें तो पाकिस्तान की भी 12 बजा सकते है । यह हिंसा की नही अहिंसा की लड़ाई है । देश की रक्षा करना हमारा फर्ज है।

# उपाध्याय मुनिश्री विशेष सागर जी महाराज संघ की समाजजनों ने की अगवानी

## जीवन जीने की कला है जियो और जीने दो की भावना



**सनावद. शाबाश इंडिया।** पूज्य उपाध्यक्ष श्री विशेष सागर जी महाराज ने शनिवार को आचार्य शांति सागर वर्धमान देशना निलय में धर्म सभा को संबोधित करते हुए भगवान महावीर स्वामी के जियो और जीने दो की भावना को जीवन जीने की कला बताते हुए कहा कि सभी को संसार में मित्रता के साथ रहकर जीवन व्यतीत करना चाहिए। निर्ग्रंथ दिगंबर जैन संतों को वर्तमान युग का चमत्कार बताते हुए आपने उनकी तपस्या को अत्यंत कठिन बताया। भगवान की भक्ति को आत्म कल्याणकारी बताते हुए क्षुल्लक श्री विश्वसेन सागर जी ने समाधिस्थ आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के संस्मरण सुनाते हुए उन्हें श्रेष्ठ आचार्य बताया। उपरोक्त जानकारी देते हुए पार्श्व ज्योति मंच के प्रचार मंत्री प्रियम जैन एवं विशाल चौधरी ने बताया कि पूज्य उपाध्याय जी संघ के दो साधुओं के साथ बड़वाह से पैदल विहार कर सनावद पहुंचे। जहां मुनि त्यागी समिति के अध्यक्ष मुकेश जैन पेप्सी, मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती एवं महामंत्री बसंत पंचोलिया, सरल जैन, राकेश जैन, रजत जैन प्रशांत जैन मोनू, नरेन्द्र पंचोलिया, कमलेश भूच, आशीष झांझरी, रिकेश जैन ने त्रिकोण चौराहा पर संघ की अगवानी कर नगर में प्रवेश कराया। श्रद्धालुओं ने मुनि जी का पाद प्रच्छालन किया । संतोष बाकलीवाल एवं पवन जैन के निवास पर आहार हुए । जैन समाज के देवेंद्र काका, कमल जैन, सलित जैन, सत्येंद्र जैन, सुनील पंचोलिया, राजेश जटाले, प्रफुल्ल जैन, सोनू जैन, राजा जैन सहित उपस्थित लोगों ने श्रीफल समर्पित कर सनावद में रुककर धर्म प्रभावना हेतु निवेदन किया। मंगलाचरण महिमा जैन ने तथा संचालन डॉ. नरेन्द्र भारती ने किया। इस बीच मुनि त्यागी समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में जैन समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने इंदौर जाकर आचार्य श्री सुंदरसागर जी महाराज के चरण कमलों में श्रीफल समर्पित कर सनावद आगमन हेतु निवेदन किया।

# किसान नेता कुम्भाराम आर्य की 111वी जयंती मनाई



**सीकर. शाबाश इंडिया।** शनिवार दिनांक 10 मई को राजस्थान सरकार के भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री, सीकर लोकसभा क्षेत्र के भूतपूर्व सांसद, महान स्वतंत्रता सेनानी और किसान मसीहा चौधरी कुंभाराम जी आर्य की 111 वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनके पैतृक कुदन गांव के मुख्य स्वतंत्रता सेनानी चौक में स्थापित उनकी प्रतिमा पर गांव वालों ने माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके कार्यों को याद किया गया । जिसमें भूमि सुधार अधिनियम 1954 को पारित करवरकर कुंभाराम जी ने किसानों को मुफ्त में जमीन का मालिक बनाया और पंचायती राज की स्थापना में उनकी अहम भूमिका रही इस पुष्पांजलि कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सुल्तान सुंडा, शिक्षाविद ब्रजमोहन सुडा किसान नेता पुरणमल (जगत चाचा), किसान नेता रामचंद्र सुंडा , भागीरथ मल सुडा, रिछपाल सुंडा चिरंजी लाल सुडा, करण सिंह शेखावत, निर्मल महरिया, श्रीचंद सुडा, हरिराम सुडा, महावीर फगेड़िया, जगदीश काजला, बनवारी सुडा रामनिवास नाड़ी मदनलाल सुंडा, बिरजू सिंह, मोतीराम सुंडा राजेश, महेश सोनी लक्ष्मीकांत सोनी आदि उपस्थित रहे ।

# 'एजुफेस्ट 2025' में श्री महावीर कॉलेज की भागीदारी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

छात्रों को कॅरियर और एडमिशन से जुड़े हर सवाल का जवाब देने हेतु आगामी 16 मई से 18 मई 2025 तक होने वाले 'एजुफेस्ट 2025' (राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर) में श्री महावीर कॉलेज भाग लेने जा रहा है। इस तीन दिवसीय शैक्षणिक महोत्सव में श्री महावीर कॉलेज की टीम विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगी और उन्हें उच्च शिक्षा, करियर विकल्पों तथा व्यक्तिगत विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेंगी। इस फेयर में छात्रों को स्नातक पाठ्यक्रम - बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीए, बीएससी एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम एम कॉम (एबीएसटी, एचआरएम, ईएएफएम), एमए, एमबीए, एमसीए, प्रतियोगी परीक्षाएं - आरएएस, आईएएस, कॅरियर सिलेक्शन, स्कॉलरशिप आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। महावीर दिगंबर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमरावमल संघी, मानद मंत्री सुनील बख्शी, और कोषाध्यक्ष महेश काला ने बताया कि इस फेयर से कॉलेज द्वारा छात्रों के लिए विशेष काउंसलिंग की जाएगी जिनमें वे अपने भविष्य को लेकर सही दिशा में निर्णय ले सकेंगे। छात्रों के मन की शंकाएं दूर होंगी और उन्हें अपने कॅरियर और शिक्षा के बारे में सही निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

# सखी गुलाबी नगरी के नए सत्र की शुरूआत गौ सेवा से

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




सखी गुलाबी नगरी द्वारा समाजिक कार्यक्रम के तहत दुर्गापुरा गोशाला में गायों को चारा, फल, सब्जी खिलाकर एवम औषधालय में गायों के स्वास्थ्य के लिए दवाईयां उपलब्ध कराकर नए सत्र की शुरूआत की गई। संस्थापक अध्यक्ष सारिका जैन ने बताया की हर वर्ष की भांति सत्र की शुरूआत सेवा कार्य से की गई। आगे भी इसी तरह सेवा के कार्य करते रहेंगे। आज के सेवा के कार्यक्रम में सह सचिव रितु जैन, कार्यकारिणी सदस्य मैनु वैद, नीतु जैन, नीता जैन व संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष स्वाति जैन ने बताया कि नए सत्र की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 14 मई को रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित किया जाएगा।

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा श्रमण संस्कृति छात्रावास में छात्रों को भोजन करवाया

### आज 11 मई को बालिका छात्रावास में करवाया जायेगा छात्राओं को भोजन



जयपुर. शाबाश इंडिया। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा ग्रुप सदस्य श्रीमती ममता जैन के सहयोग से स्वर्गीय श्रीमती विमला जी शाह धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री सुनित जी शाह की स्मृति में श्रमण संस्कृति छात्रावास सांगानेर में शनिवार 10 मई को प्रातः छात्रों को भोजन करवाया गया। अध्यक्ष मनीष - शोभना लोग्या व सचिव राजेश - रानी पाटनी ने बताया कि इस अवसर पर श्रमण संस्कृति संस्थान के सयुक्त मंत्री दर्शन बाकलीवाल सहित अनेक ग्रुप सदस्य उपस्थित थे। संस्थापक अध्यक्ष राकेश - समता गोदिका सेवा कार्य की इस कड़ी में ग्रुप द्वारा 11 मई रविवार को प्रातः श्रमण संस्कृति बालिका छात्रावास में बालिकाओं को ग्रुप सयुक्त सचिव प्रदीप - प्राची जैन बाकलीवाल के सहयोग से भोजन करवाया जायेगा।

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर के द्वारा
श्री भागचंद जी श्रीमती कमला देवी बाकलीवाल लंगडियावास वाले
श्री प्रदीप जी - श्रीमती प्राची जी जैन (संयुक्त सचिव, सन्मति ग्रुप) के सहयोग से
श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर की छात्राओं को प्रातः भोजन करवाया जायेगा जिसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं।
रविवार, 11 मई 2025
प्रातः 10.00 बजे से
स्थान : श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान (बालिका छात्रावास) सांगानेर, जयपुर
दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर
मनीष-शोभना लोग्या अध्यक्ष | राकेश-समता गोदिका संस्थापक अध्यक्ष | दिलीप-प्रमिला जैन कोषाध्यक्ष | राजेश-रानी पाटनी सचिव
सुरेन्द्र-मृदुला पाण्ड्या संरक्षक | दर्शन-विनिता जैन संरक्षक | राजेश-जैना गंगवाल संरक्षक | विनोद-शशि तिजारिया संरक्षक | दिनेश-संगीता गंगवाल परामर्शक
Design by : Vardhman Printers # 9314263204

## राजस्थान के 30 जिलों में आज भी आंधी-बारिश का अलर्ट

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में शनिवार दोपहर बाद मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। कोटा और भरतपुर में बादल छाने के साथ बारिश हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में आंधी और बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार 11 मई को 30 जिलों और 12 मई को 27 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है। हालांकि 13 मई से यह सिस्टम कमजोर पड़ जाएगा और गर्मी का प्रकोप फिर से बढ़ने लगेगा। जयपुर समेत कई शहरों में सुबह से आसमान साफ रहा, लेकिन दोपहर 11-12 बजे के बाद मौसम में बदलाव आया। उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, कोटा, झालावाड़ और भरतपुर में बादल छाए रहे। राजधानी में शुक्रवार रात का न्यूनतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रदेश के अन्य शहरों में भी रात का तापमान सामान्य रहा। बाड़मेर में 26.6, जैसलमेर में 26.2, करौली में 26.4, फलोदी में 28.2, बीकानेर में 27.3, चूरू में 25.1, गंगानगर में 24.8, उदयपुर में 24.9, कोटा में 25.6 और अजमेर में 23.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इन सभी शहरों में कल दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

# नोहर भवन जयपुर का भूमि-पूजन व शिलान्यास संपन्न

नरेश सिगची. शाबाश इंडिया




**जयपुर।** नोहर भवन जयपुर का भूमि-पूजन व शिलान्यास दानवीर भामाशाह सेठ ओमनारायण बिहानी सपत्नीक के करकमलों व गरिमामयी उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण व पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। विधायक अमित चाचाण के 'भागीरथ-प्रयत्न' से 40 वर्ष की साधना व तपस्या फलीभूत हुई। नोहर नागरिक समिति जयपुर के अध्यक्ष श्रवण शर्मा ने उपस्थित सभी शख्सियतों का इस भव्य व विराट आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार जताया। विधायक अमित चाचाण ने कहा कि स्वयं का घर तो सभी बनाते हैं लेकिन समूचे नोहर का घर 'नोहर भवन' भामाशाहों के निच्छल प्रेम से बन रहा है। यह भावना हमारे लिए एक प्रेरणा है। जयपुर में बनने वाले 'नोहर भवन' का गुरुवार को समारोहपूर्वक भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। उक्त भवन पर करीब 10 करोड़ रुपये खर्च होंगे। भवन का निर्माण नोहर नागरिक समिति के तत्वावधान में होगा। भामाशाह ओमनारायण बिहानी ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता पूर्व पालिकाध्यक्ष नोहर राजेन्द्र चाचाण ने की। समारोह के मुख्य अतिथि नोहर विधायक अमित चाचाण व पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला थे। समारोह में उद्योगपति एफसी जैन, देवकीनंदन जाजू, मांगीलाल कन्दोई, केशव बिहानी, नोहर नागरिक समिति के अध्यक्ष श्रवण शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित थे।




## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com


# ममता की मूरत मां

ममता की छांव में वह वास्लय व स्नेह को सदैव देने वाली कोई और नहीं मां ही है। मातृत्व के उस रिश्ते के नाम अब ना जाने क्या क्या हो गया है। अम्मा का शब्द जब हम बोलते थे, तो हमें हमारी और वह चुंबकीय तरंगों सा हमें खिंचता था ।समय बदलता चला गया माता श्री, मां की वह कोमलता में अपनापन जुड़ गया और माता श्री से अम्मा उसके बाद मां का संसार रंग-बिरंगा हो गया। जहां मां है वह खुशियों का असमान भरा हुआ है। हर एक दौर में हर एक जिम्मेदारी लेने वाली वह मां ही होती है। अपने बच्चों के लिए उसका फर्ज.हमेशा सर्वोपरि रहता है।हर एक मां सर्वप्रथम अपनी संतान का ही पक्ष रखती है।चाहे वह लायक हो या नालायक उसके लिए मां का ह्रदय समान्य ही रहता है। अपने बच्चों को वह भर पेट भोजन करतीं हैं चाहे




वह खुद भूखे रह जाएं। मां तो भगवान की भी प्रिय होती है, चाहे राम हो या कृष्ण ममता का वह स्नेह व वात्सल्य सभी ने महसूस किया है। उसकी ममता का सुख उन्होंने भी पाया है, क्योंकि मां तो मां होती है। आज के दौर में मां से मम्मी और मम्मी से मॉम बन गई। आधुनिकता की के साये में आज भी वह ढाल बनकर मॉम हमें अपने हाथों से भोजन करतीं हैं।उसकी चुस्ती-फुर्ती अच्छे-अच्छे को दांतों तले उंगली दबा लेने पर मजबूर कर देते हैं। ममता के हर एक रंग में वहीं लाड़-प्यार व भोजन में मीठास रहती है जो सालों से हम खाते आ रहे हैं। तभी तो मॉम के हाथों कोई दुसरा स्वाद नहीं वहीं है ।नाम भले कितने बदल जाएं वह अपनेपन का लगाव कभी भी खत्म नहीं होता और बच्चे कितने भी बड़े हो जाएं मां के लिए वह हमेशा छोटे ही होते हैं। जबकि दादी नानी बनने के बाद भी मां के व्यवहार में कोई भी बदलाव नहीं आता ।वह आशीष देते हुए दोनों हाथों में प्यार दुलार करती है।यह हम बच्चों के लिए बहुत बड़ी बात होती है। तभी तो मां हमेशा से ममता की मूरत है। वह संवेदनाओं की सीढ़ी है हमारे लिए और वह सच्ची दोस्त वह हमारी प्यारी मां है। माता पिता का इतिहास जब भी लिखा जाएगा मां का नाम सबसे ऊपर होगा , मां शिल्पकार है जो अपने हाथों से अपने बालक को निखारती व संवरती है। मां ऐसी प्रेरणास्त्रोत हैं जो हम राह भटके हुए बच्चों को सही व सच्ची राह दिखाती है।मेने तुम्हे नहीं देखा मां, तेरी सूरत क्या होगी, तेरी सूरत से अलग भगवान की मूरत क्या होगी। हे मां पुजनीय आप कहीं भी हो चाहे आसमान में पर आप का आशीष हमारे लिए दुनिया की सबसे बड़ी ताकत है, क्योंकि मां ममता की मूरत है।



मां ममता की छांव है
मां स्नेह दुलार प्यार की परछाई है
मां रिश्तों में मजबूती
मां भरोसे में विश्वास
मां हम बच्चों की सबसे पहली जरूरत पर आज मेरी मां नहीं है ?
उनका आशीर्वाद जरूर हमारी रक्षा कर रहा है
क्योंकि मां एक अनमोल उपहार है
हम बच्चों का प्यार है, मां नहीं रहती तों यह संसार अधुरा क्योंकि मां तो मां होती है...।।

-हरिहर सिंह चौहान

# पद्मावती पब्लिक स्कूल, मानसरोवर में मदर्स डे का आयोजन किया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिनांक 10/5/2025 को पद्मावती पब्लिक स्कूल, मानसरोवर में मदर्स डे का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों के महिला अभिभावकों को बुलाया गया और उन सभी का बैचेस ओर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी अपनी माताओं के लिए उनके प्यार, त्याग ओर समर्पण की भावनाओं को डांस ओर गानों के माध्यम से समर्पित किया, जो कि उनके प्यार ओर सम्मान का प्रतीक था। ओर यह दिन उनके लिए यादगार बनाया। साथ ही साथ सभी अभिभावक माताओं के लिए विद्यालय द्वारा तरह तरह के गेम्स खिलाए गए और उन्हें जीतने पर प्राइजेस भी दिए गए। सभी माताओं ने अपने बच्चों के साथ डांस करके इस दिन को यादगार बनाया। आचार्या श्रीमती हेमलता जैन ने मदर्स डे के अवसर पर महिला अभिभावकों का स्वागत कर अपने उदगार में कहा कि विद्यार्थी के लिए सर्वप्रथम मां ही सबसे बड़ा शिक्षक, गुरु होता है जो उसे जीवन में आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ओर स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रेषित की। ओर आगामी सप्ताह से विद्यालय द्वारा आयोजित समर कैंप के बारे में जानकारी प्रेषित की।











# संगिनी फोरम जेएसजी हेरीटेज सिटी का प्रथम स्नेह मिलन और सत्र 2025-27 का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संगिनी फोरम जेएसजी हेरीटेज सिटी का प्रथम स्नेह मिलन और सत्र 2025- 27 का शपथ ग्रहण समारोह ''नई उड़ान - एक शाम मां के नाम'' थीम पर टोंक रोड स्थित अंबर विला में संपन्न हुआ। इस मौके पर नई सोच और नई उमंग के साथ नई टीम ने बंधुत्व के साथ सेवा के कर्तव्य की शपथ ली। ग्रुप की निवर्तमान अध्यक्षा अलका बज ने अतिथियों व सदस्यों का स्वागत करते हुए संगिनी की ओर से संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी और नई टीम को उनके भावी कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं प्रदान की। संगिनी की संस्थापक अध्यक्षा शालिनी जैन ने अपने टीम एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया। संगिनी की नवगठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष के पद पर शशि बज को उपाध्यक्षा आरती जैन ,सचिव दीपाली पाटनी, संयुक्त सचिव सुनीता दीवान, कोषाध्यक्षा रेणु काला एवं कार्यकारिणी सदस्यों में रेनू बज, सुनीता पाटनी,संजय लता बज, उषा चौधरी, संगीता गंगवाल, सुरीला सेठी, निशा बड़जात्या एवं मीनाक्षी गंगवाल को जे एस जी नॉर्दर्न रीजन चेयरमैन राजीव पाटनी, इलेक्ट चेयरमैन सुभाष बज एवं सचिव रविंद्र रचना बिलाला ने शपथ दिलाई। नार्दन रीजन के चेयरमैन इलेक्ट एवं जेएस जी हैरिटेज सिटी जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज ने नवगठित टीम को अपने अपने पद पर स्थापित किया एवं सभी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। इस समारोह में हेरिटेज सिटी के ग्रुप अध्यक्ष नितिन पाटनी, उपाध्यक्ष प्रदीप बज, सचीव अरुण पाटनी, सह सचिव डॉक्टर सुदीप जैन, कोषाध्यक्ष राजीव बज भी उपस्थित रहे। समारोह के अतिथियों द्वारा भगवान श्री आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। संगिनी की सदस्यों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति के साथ मंगलाचरण किया गया। जे एस जी हैरीटेज सिटी जयपुर के अध्यक्ष नितिन पाटनी ने फेडरेशन सूत्र का वाचन किया। यह कार्यक्रम ''एक शाम मां के नाम'' थीम पर संजोया गया। मदर्स डे की थीम पर ''मां का दिल'' लघु नाटिका का मंचन श्रीमती विनीता, श्रीमती प्रियंका, श्रीमती सरिता एवं श्रीमती रेणू जैन किया गया। जिसकी सभी ने बहुत सराहना की। बंपर हाउजी का सभी ने आनंद लिया और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती अल्का बज द्वारा किया गया।

# जैन सोशयल ग्रुप सिद्धा के आगामी कार्यक्रम शपथ ग्रहण समारोह के पोस्टर का हुआ विमोचन






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

स्वामी श्री बालमुकुंद जी महाराज विधायक हवामहल विधानसभा क्षेत्र से एवं मणिपाल हॉस्पिटल सीकर रोड पर हॉस्पिटल डायरेक्टर रंजन ठाकुर एवं मार्केटिंग एवं सेल्स हेड रमेश धमानीं एवं धीरज अरोड़ा ने जैन सोशयल ग्रुप सिद्धा परिवार का आगामी शपथ समारोह कार्यक्रम 11 मई 2025 के पोस्टर का विमोचन किया। पोस्टर विमोचन के समय जे एस जी सिद्धा परिवार के संस्थापक अध्यक्ष धीरज कुमार पाटनी पूर्व अध्यक्ष निर्मल पांड्या निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश काला वर्तमान अध्यक्ष सौरभ गोधा वर्तमान उपाध्यक्ष अंजन जैन वर्तमान सचिव सुरेंद्र मुंडोतावाला कार्यकारिणी सदस्य मुकेश दोषी जितेंद्र जैन रोहित सोगानी सिद्धा परिवार सदस्य सुगन पापड़ीवाल प्रमोद छाबड़ा उपस्थित रहे।

# गौशाला मे गायों को गुड़ एवं चारा एवं अपना घर मे भोजन वितरण

## पुलक पर्व का द्वितीय दिवस



**किशनगढ़. शाबाश इंडिया।** भारत गौरव, राष्ट्र गौरव, मनोज्ञाचार्य श्री पुलक सागर जी गुरुदेव के 55 वें अवतरण दिवस पर आयोजित त्रिदिवसीय पुलक पर्व के दौरान आज द्वितीय दिवस मदनेश गौशाला मे चारा, गुड़ एवं अपना घर मे भोजन कराया गया। पुलक मंच अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बैद एवं महामंत्री जीतू पाटनी ने बताया की पुलक मंच परिवार द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय पुलक पर्व के दौरान आज दूसरे दिन सांवतसर स्थित मदनेश गौशाला मे गायों को गुड़, चारा एवं अपना घर अजमेर मे जरूरतमंदो को भोजन कराया गया। गौशाला कार्यक्रम के संयोजक अशोक पाटनी बड़ायली एवं अभिषेक बज ने बताया कि पुलक मंच परिवार के सभी सदस्य आज प्रातः 9.30 बजे मदनेश गौशाला पहुँचे वहा पर गुरुदेव की वन्दना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया ततपश्चात सभी गौमाता को गुड़ एवं चारा खिलाया गया आज के गौशाला कार्यक्रम मे अतिथि दिनेश सीमा गोधा एवं अशोक शर्मिला पाटनी थे। मंच के सदस्य दिनेश सीमा गोधा की वैवाहिक वर्षगांठ पर मंच के सभी सदस्यों ने शुभकामना दी। सायंकालीन अपना घर अजमेर मे जरूरतमंदो को मंच सदस्यों ने अपने हाथों से भोजन कराया एवं उनके कुशलक्षेम की जानकारी ली। श्रीमान सुमेर जी बिना जी सेठी की वैवाहिक वर्षगांठ पर अपना घर अजमेर कार्यक्रम मे श्रीमान सुमेर जी बिना जी धनेश साक्षी तिनाया सेठी परिवार मेड़ता रोड़ वालों का विशेष सहयोग रहा।

# सराकोध्दारक आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के जन्म दिवस पर पश्चिम बंगाल के सराक क्षेत्र में शिक्षण शिविरों का शुभारंभ



**लखनपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के जन्म दिवस के पावन अवसर पर पश्चिम बंगाल के सराक में आचार्य श्री ज्ञेय सागर जी आर्यिका श्री स्वस्ति भूषण माताजी आर्यिका श्री आर्ष मति माताजी आर्यिका श्री सुज्ञान मति माताजी के आशीर्वाद से ब्र. मंजुला दीदी, ब्र. मनीष भैया के निर्देशन में भारतवर्षीय सराक ट्रस्ट के तत्वावधान में ज्ञान संस्कार शिक्षण शिविरों का शुभारंभ लखनपुर, बारकोना, राजामेला, भोक्ताबांध, हारीबांगा, लक्ष्मणपुर, साहिबखेड़ा, खगड़ा, चुडरी स्थानों पर बाहर से पधारे हुए विद्वान पंडित जयकुमार जी दुर्गा, पंडित रीतेंद्र जैन, पंडित राजकुमार शास्त्री, पंडित नितिन शास्त्री, विदुषी स्नेहा जैन सपना जैन, साधिका जैन द्वारा प्रथम दिन आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की पूजन दीपप्रज्वलन,कलश स्थापना के साथ शिक्षण शिविरों का शुभारंभ किया गया। सभी शिविरार्थीओं के लिए किट वितरित की गई सभी वरिष्ठ जन को अंग वस्त्र एवं सफेद टोपी से सम्मानित किया गया। मंदिर पदाधिकारी ने विद्वानों का सम्मान किया। शिविर मुख्य संयोजक मनीष विद्यार्थी सागर ने बताया कि पश्चिम बंगाल में सफेद टोपी लगाने की प्रथा नहीं है लेकिन जिन मंदिर में सर ढकने के लिए महिलाएं अपने पल्लू का और पुरुष सफेद टोपी का उपयोग करते हैं इस कारण जब भी आप मंदिर की आते हैं तो टोपी लगाकर जिन दर्शन करने चाहिए सभी धर्म में सिर ढकने की प्रथा है। पंडित जयकुमार जी दुर्ग ने लक्ष्मणपुर में बच्चों को णमोकार मंत्र के महत्व को बताया णमोकार मंत्र को हम महामंत्र क्यों कहते हैं हमारे जीवन को किस प्रकार से विशुद्ध कर सकता है इसके विषय में अपने वक्तव्य दिए। स्थानीय स्तर पर डॉ प्रदीप जैन,रामदुलार जैन शक्तिपथ जैन शिक्षण शिविरों को सफल बनाने मैं अपना योगदान दे रहे हैं। **रिपोर्ट : मनीष विद्यार्थी सागर**

# लायन्स क्लब कोटा सेन्ट्रल की आम सभा सम्पन्न

## नये सत्र के लिये नये पदाधिकारियों का हुआ चयन, रामकृष्ण बागला अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता सेक्रेट्री एवं गोविन्द नुवाल कोषाध्यक्ष होंगे



**आजाद शेरवानी. शाबाश इंडिया**

**कोटा।** लायंस क्लब कोटा सेंट्रल की आम सभा सम्पन्न हुई जिसमें आगामी सत्र 2025 - 26 के पदाधिकारियों का चयन किया गया जुलाई से शुरू होने वाले नये सत्र के लिए बोर्ड का चयन किया गया। क्लब अध्यक्ष मधु ललित बाहेती एवं सेक्रेटरी राधा खुवाल ने बताया कि नॉमिनेशन कमेटी के सदस्यों वल्लभ मोहता, पी डी जी विशाल माहेश्वरी, डॉ खेमराज मेहता, श्याम लाल गुप्ता, रीजन चेयरमैन दिनेश खुवाल ने रिपोर्ट रखी जिसे सभी ने सहमति दी और वर्ष 2025 - 26 के लिए अध्यक्ष रामकृष्ण बागला, सेक्रेटरी राजकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोविंद नुवाल को बनाया गया। लायंस क्लब कोटा सेंट्रल के अंतर्गत एक लियो क्लब (यंग टीम)का भी गठन किया गया जिसमें 21 युवक युवतियों को शामिल किया गया जिसमें अध्यक्ष कीर्ति गुप्ता, सेक्रेटरी अनिका माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष श्रुति कहालिया को बनाया गया। कुशाग्र बाहेती, माधवी बागला, और पार्थ मोहता को डायरेक्टर बनाया गया लियो क्लब में लायन विशाल महेश्वरी, मधु बाहेती और राजकुमार गुप्ता एडवाइजर होंगे।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयन्ती पर पुष्प वर्षा की




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयन्ती 9 मई को महाराणा प्रताप टीम ग्रुप द्वारा भव्य केसरिया पद रैली आयोजित की गई। इस अवसर पर जैन समाज द्वारा जैन स्कुल कुचामन सिटी के सहयोग से पलटन गेट पर जल व्यवस्था कर पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर सोभागमल गगवाल, देवेन्द्र पहाडिया, अशोक झाझरी , पवन कुमार गोधा, अजित पहाडिया, तेजकुमार बडजात्या, सुरेश कुमार गगवांल, अशोक अजमेरा,पारस झाझरी, अजय जैन महावीर इन्टरनैशनल के वीर रामावतार गोयल, सुनिल शेखराज का मनोज गोड, सतीदान सिह, हरीश अग्रवाल, चेतन प्रकाश का सराहनीय सहयोग रहा। सभी के प्रति सुभाष पहाडिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया

# राजस्थान जैन सभा जयपुर के महामंत्री मनीष बैद ने अपने 50वें जन्म दिन पर उपाध्याय उर्जयन्त सागर एवं मुनि जयकीर्ति से लिया आशीर्वाद





## समाज बन्धुओं ने जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अनोखी पत्रिका समाचारपत्र के प्रधान सम्पादक, राजस्थान जैन सभा जयपुर एवं भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल के महामंत्री, राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के पूर्व अध्यक्ष सहित कई अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से सक्रियता से जुड़े हुए युवा समाजसेवी मनीष बैद ने अपना 50 वां जन्म दिन सादगी से मनाया। इस मौके पर बैद ने शहर के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों के दर्शन करने सहित कई सेवा कार्य किये। साथ ही शहर में प्रवासरत दिगम्बर जैन संतों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी कड़ी में ख्वास जी का रास्ता स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सोनियान में प्रवासरत उपाध्याय उर्जयन्त सागर मुनिराज एवं जय जवान कालोनी में प्रवासरत गणाचार्य कुन्थी सागर महाराज एवं णमोकार तीर्थ नासिक के प्रणेता आचार्य देव नन्दी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, विशिष्ट राम कथाकार, ध्यान दिवाकर मुनि प्रवर 108 जयकीर्ति मुनिराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दोनो मुनिराजों ने पिच्छिका लगाकर श्री बैद को धर्म वृद्धि एवं निरंतर धर्म प्रभावना करते रहने का मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्थान जैन सभा जयपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप जैन, राजस्थान जैन सभा जयपुर के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने मनीष बैद को माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, राजस्थान जैन सभा जयपुर की कार्यकारिणी सदस्या राखी जैन, समाजसेविका निशा बडजात्या, बैद की धर्म पत्नी रचना बैद, मालवीय नगर निवासी मुकेश बैनाडा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगो ने बैद के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके दीर्घायु होने तथा लगातार धर्म प्रभावना करते रहने की भावना भाई। जन्मदिन पर शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका ने भी मनीष बेद को बधाई दी।

# संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो जयपुर का प्रथम स्नेह मिलन " अभिनन्दन - 2025 हर दिन माँ के नाम "



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानव एवं समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत संगिनी फोरम जेएसजी मेट्रो का प्रथम स्नेह मिलन एवं सत्र 2025-27 की नई टीम का शपथ ग्रहण समारोह " अभिनन्दन - 2025-हर दिन माँ के नाम " टौक रोड़ स्थित कान्हा रेस्टोरेंट में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर नई सोच नई उमंग एवं सभी की सहभागिता के साथ नई टीम ने' बन्धुत्व से प्रेम' एवं' बन्धुत्व के साथ सेवा' कर्तव्य की शपथ ली। सायकांल 4.00 बजे से शुरू हुए ओथ सेरेमनी में मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रवीण कुमार- मंजू जैन, अभिषेक - अर्चना जैन द्वारा जयकारों के बीच भगवान



मुनिसुव्रतनाथ के चित्र का अनावरण किया गया। तत्पश्चात सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात संगिनी की ओर से अतिथियों का तिलक, माल्यार्पण, साफा एवं पर्यावरण सुरक्षा के लिए जेट प्लान्ट पौधा भेट कर सम्मान किया गया। मंगलाचरण एवं माँ के महत्व पर सुन्दर प्रस्तुति के बाद ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन 'कोटखावदा' ने स्वागत उदबोधन देते हुए शब्दों के माध्यम से अतिथियों व उपस्थित सदस्याओं का स्वागत करते हुए संगिनी द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी तथा नई टीम को शुभकामनाएं दी। सत्र 2023-25 की अध्यक्ष अम्बिका सेठी ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में अपनी टीम एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। संगिनी की नवगठित कार्यकारिणी जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष रेखा पाटनी , उपाध्यक्ष अमिता साह, सचिव दीपा गोधा , संयुक्त सचिव नीतू जैन , कोषाध्यक्ष निशा गंगवाल, मुख्य समन्वयक नीतू जैन मुल्तान व कार्यकारिणी सदस्याओं पूनम चांदवाड, मीनू जैन निमोडिया, सुनीता जैन, अर्चना जैन, पारुल जैन, माधुरी जैन एवं मीनाक्षी छाबड़ा का शपथ कार्यक्रम शपथ विधि अधिकारी विनोद जैन 'कोटखावदा' द्वारा सम्पन्न कराया गया।

# बच्चों के शुद्ध पानी पीने के लिए स्कूलों में लगाये वाटर कूलर

## सेवा करने में आनन्द की अनुभूति होती है : समाजसेवी नरेश मेहता



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानव एवं समाज सेवा के लिए समर्पित गुलाब कौशल्या चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से वाटिका रोड स्थित राजकीय विद्यालयों में बच्चों को शुद्ध एव शीतल पानी पीने के लिए वाटर कूलर लगाये गये। इस मौके पर गुलाब कौशल्या चेरिटेबल ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ नरेश कुमार मेहता, जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के संस्थापक अध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा, तेरापंथ महिला मण्डल जयपुर शहर की अध्यक्ष नीरु मेहता, मंत्री नीलिमा बैद, संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, पूर्व अध्यक्ष मैना



गंगवाल, सचिव दीपा गोधा सहित आशावाला विद्यालय एवं बाढ श्योपुर के अध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इससे पूर्व आयोजित लोकार्पण समारोह में नरेश - नीरु मेहता द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मेहता ने अपने उदबोधन में कहा कि जरुरतमंदों की सेवा करने में आनन्द की अनुभूति होती है।